बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**सं0** :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(कैमूर)–06 / 2025.2010.... पटना, दिनांक :– 07/05/2025

# आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, कैमूर(भभुआ) के पत्रांक 548 / बंदो0 दिनांक 16.10.2024 के द्वारा सुश्री रश्मि कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN11724) के संदर्भ में प्रतिवेदित किया गया है कि ये मुख्यालय में योगदान की तिथि से प्रतिवेदित तिथि तक अपने कर्त्तव्य से स्वेच्छापूर्वक अनुपस्थित हैं, जिसके फलस्वरूप इनके संविदा नियोजन समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में सुश्री रश्मि से इस कार्यालय पत्रांक 306 दिनांक 20.01.2025 द्वारा अनाधिकृत अनुपस्थिति के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग 07 दिनों के अन्दर की गयी है। इनके द्वारा निर्धारित समय में अपना स्पष्टीकरण दिया गया है। स्पष्टीकरण में इनके द्वारा अंकित किया गया है कि इनके पिता दो साल से अस्वस्थ्य चल रहे हैं तथा माता जी के नहीं रहने के कारण उनकी सेवा इन्हें ही करनी पड़ी, जिसके कारण ये अपने कर्त्तव्य पर उपस्थित नहीं हो पायी। इनके द्वारा साक्ष्य स्वरूप चिकित्सीय प्रमाण पत्र संलग्न करते हुए अनुपस्थित अवधि का अवैतनिक अवकाश स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया है।

बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रेषित अनुशंसा तथा सुश्री रश्मि से प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत पाया गया कि सुश्री रश्मि के माता जी के नहीं रहने के कारण पिता जी की सेवा इन्हें करनी पड़ी, जिसके कारण ये अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थित हुयी हैं। अतः इनके मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए **कार्य नहीं तो वेतन नहीं** के सिद्धान्त पर इन्हें स्पष्टीकरण से मुक्त करते हुए पत्र प्राप्ति के 07 दिनों के अन्दर योगदान करने का निदेश दिया जाता है।

साथ ही यह चेतावनी दी जाती है कि इनके द्वारा योगदान नहीं करने की स्थिति में इनका संविदा नियोजन समाप्त कर दिया जाएगा।

7/5/25

**(कमलेश कुमार सिंह)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(कैमूर)–06 / 2025.2010...... **पटना, दिनांक** :– 07/05/2025

**प्रतिलिपि** :– सुश्री रश्मि कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN11724) बंदोबस्त कार्यालय, कैमूर(भभुआ) को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

7/5/25

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(कैमूर)–06 / 2025.2010...... **पटना, दिनांक** :– 07/05/2025

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, कैमूर(भभुआ) को उनके पत्रांक 548 / बंदो0 दिनांक 16.10.2024 के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

7/5/25

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03 / भू0अ0नि0(4)सं0आरोप(कैमूर)–06 / 2025.2010.... **पटना, दिनांक** :07/05/2025

**प्रतिलिपि** :– संबंधित प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को निदेशालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

7/5/25

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप